प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 16.11.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

मुख्य समाचार :—

1. केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में वीरांगना ऊदा देवी के बलिदान दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल : रक्षामंत्री ने कहा— महाराजा बिजली पासी का लखनऊ में बनेगा भव्य स्मारक।
2. केन्द्रीय मंत्री बी.एल. वर्मा ने आज लखनऊ विश्वविद्यालय में दिव्य कला मेले का किया उद्घाटन : कहा— दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने और मुख्य धारा से जोड़ने के लिये चलाई जा रही है कई योजनायें।
3. सोनभद्र में खदान धंसने से एक व्यक्ति की मौत, कई मजदूरों के फंसे होने की आशंका : घटना स्थल पर बचाव दल का अभियान जारी।

और

4. ग्रेटर नोएडा में विश्व कप मुक्केबाजी प्रतियोगिता के मुकाबले आज से शुरू : 18 देशों के 130 मुक्केबाज कर रहे हैं प्रतिभाग।

———————

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में वीरांगना ऊदा देवी के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि ऊदा देवी ने अपने अदम्य साहस और पराक्रम से न केवल अंग्रेजों को धूल चटाई बल्कि राष्ट्रप्रेम का ऐसा मानक स्थापित किया जो अनंतकाल तक भारत के हर नागरिक को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने उन सभी गुमनाम नायकों को सामने लाने का काम किया जिनके यागदान ने स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। उन्होंने बताया कि लखनऊ में महाराजा बिजली पासी का भव्य स्मारक बनाया जायेगा। बाइट....

*हमारी सरकार ने ऐसे गुमनाम नायकों को भी सामने लाने का कार्य किया है जिनके योगदान में स्वतंत्रता संग्राम को एक नई दिशा देने में बहुत ही अहम भूमिका निभाई। उनके बलिदान और संघर्ष को याद करना और सम्मान देना मैं मानता हूं कि हमारा और आपका सभी का यह कर्तव्य बनता है और इसी क्रम में बहराइच में महाराजा सुहेलदेव जी का भव्य स्मारक भी बनाया गया। ऐसा ही भव्य स्मारक महाराजा बिजली पाशी का लखनऊ में भी बनने जा रहा है।*

समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीरांगना ऊदा देवी को नमन करते हुए कहा कि ऊदा देवी न केवल नारी जाति के लिये बल्कि हर हिन्दुस्तानी के लिए एक प्रेरणा है।

बाइट....

*प्रथम स्वतंत्र समर की अमर योद्धा के रूप में वीरांगना ऊदा देवी का स्मरण हम सब करते हैं। वह न केवल नारी जाति के लिए बल्कि हर हिंदुस्तानी के लिए एक प्रेरणा है। इसलिए इस अवसर पर मैं उनकी स्मृतियों को नमन करता हूं। उन्होंने विदेशी हुकूमत की चूलों को हिराने के लिए और उनके अत्याचार का जवाब देने के लिए कहते हैं कि 16 नवंबर 1857 को लखनऊ के सिकंदर बाग में पीपल के ब्रेक पर चढ़कर उन्होंने 36 अंग्रेज सैनिकों को ढेर करने का काम किया था और उनका नाम भारत के इतिहास में अमर हुआ है। यानी वीरांगना ऊदा देवी का या बलदान हमें इस बात की प्रेरणा देता है कि अन्याय बड़ा हो प्रतिरोध उससे भी बड़ा होना चाहिए।*

कार्यक्रम में उपस्थित केन्द्रीय ग्रामीण राज्यमंत्री कमलेश पासवान, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भी समारोह को सम्बोधित किया।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए भूमि बैंक के विस्तार और एमएसएमई उद्यमों को त्वरित सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्लग एण्ड प्ले मॉडल को लागू करन का निर्देश दिया है।

———————

केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री बी. एल. वर्मा ने आज लखनऊ विश्वविद्यालय में दिव्य कला मेला का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए केन्द्र सरकार कई योजनाएं चला रही है। यह मेला 23 नवम्बर तक चलेगा। मेले में 18 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के लगभग सौ दिव्यांग कारीगर, कलाकार और उद्यमी अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं।

—————————

मथुरा में राष्ट्रीय लोकदल के अधिवेशन में आज पार्टी अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जयन्त चौधरी को सर्वसम्मति से अगले तीन वर्ष के लिए फिर से पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए जयंत चौधरी ने कहा कि केंद्र में घटक दल के नाते जनहित के कार्यों और पार्टी के सेवक के रूप में कार्य करता रहूंगा। अधिवेशन में सरकार द्वारा चलाये गये आर्थिक सुधारों पर भी चर्चा की गई।

—————————

लखनऊ में वायु गुणवत्ता सूचकांक एक्यूआई के गंभीर स्तर को देखते हुए नया एक्शन प्लान लागू किया जा रहा है। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ कल एक बैठक में कहा कि लखनऊ में उन सभी स्थानों पर जहां वायु प्रदूषण सबसे अधिक है उन स्थानों को चिन्हित कर वहां नियमित रूप से पानी का छिड़काव और स्वीपिंग मशीनों की सहायता से धूल नियंत्रण के उपाय तेजी से लागू किये जाये। इसके अलावा जहां निर्माण कार्य चल रहा है वहां ग्रीन नेट लगाना तथा सड़कों पर फले सामाग्री को तुरंत हटाना अनिवार्य किया जाये।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश के सोनभद्र जिले में कल शाम एक खदान धंसने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। खदान में एक दर्जन से अधिक लोगों के फंसे होने की आशंका है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन की बचाव टीमें फंसे हुए मज़दूरों को निकालने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रही हैं। वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस के एडीजे जोन पीयूष मोर्डिया ने संवाददाताओं को बताया कि घटना स्थल पर बचाव दल का अभियान जारी है। बाइट...

*कल दोपहर बाद यहां सोनभद्र में उबरा स्थित इस माइन में कुछ पत्थर और मलबा गिरने से मजदूरों के दबे होने की आशंका है। इसमें तुरंत यहां पुलिस और सीआईएसएफ एनडीआरएफ एसडीआरएफ की टीम आ गई। कल रात्रि से लगातार जो है उस मलबे को हटाने का काम चल रहा है। एक व्यक्ति का शव को बरामद किया गया। अभी अन्य लोगों को ढूंढने के प्रयास जारी है।*

इस बीच पत्थर खदान के पट्टाधारक पूर्व ब्लॉक प्रमुख घोरावल मकसूदन सिंह समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा ओबरा थाने में दर्ज किया गया है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

————————

आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस है। आज ही के दिन भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना हुई थी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रेस दिवस 2025 समारोह में शामिल हुए। श्री वैष्णव ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि हमारे लोकतंत्र में प्रेस की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है।

*आज नेशनल प्रेस डे पर मिस–इंफॉर्मेशन को कैसे काउंटर करें। प्रेस की क्रेडिबिल्टी को कैसे स्ट्रेंदेन करें। उस थीम पर व्याख्यान रखा गया था और फोकस किया कि किस तरह से प्रेस और विशेषकर आज के डिजिटल इंडिया की एक्यूरेसी पर करेक्ट इंफॉर्मेशन पर वैरिफिकेशन करने के मेथड पे इन सब के ध्यान देने की जरूरत है और विशेषकर ए. आई. के उपयोग से जो लोग मिसइंफॉर्मेशन स्प्रेड कर रहे हैं, उनका किस तरह से हम काउंटर करें।*

————————

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से विशेष सघन पुनरीक्षण–एसआईआर में मतदाताओं की मदद के लिए सभी जिलों में हेल्पडेस्क बनाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। यह हेल्पडेस्क ब्लॉक स्तर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और जिलास्तर पर जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में बनाये जायेंगे। प्रदेश भर में एसआईआर अभियान जारी है। हापुड़ में चल रहे एसआईआर अभियान की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने बताया कि जिले में बनाये गये नय

मतदाता केंद्रों के बारे में आपत्ति और सुझाव गये मांगे हैं।

बाइट....

*स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन अभियान जो है वह गतिमान है और 4 नवंबर से लेकर 4 दिसंबर के मध्य हमारे बीएलओ द्वारा 2025 की मतदाता सूची में सम्मिलित प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र का वितरण और संकलन का कार्य वर्तमान में चल रहा है। इस पूरी प्रक्रिया में पॉलिटिकल पार्टी एक बहुत इंपोर्टेंट स्टेकहोल्डर है। पॉलिटिकल पार्टी के साथ बैठकों के क्रम में एक बैठक की गई और बैठक का मुख्य उद्देश्य यह था कि हमारे जो मतदेय स्थल है, उनके विषय में पॉलिटिकल पार्टी की कोई आपत्ति सुझाव उसको हम लोग संज्ञान में ले।*

——————————

गौतमबुद्ध नगर स्थित ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में विश्व कप मुक्केबाजी फाइनल्स के मुकाबले आज से शुरू हो गये हैं। प्रतियोगिता का पहला मैच 48 किलोग्राम भार वर्ग में आज भारत की मीनाक्षी और कजाकिस्तान की बोलत अकबोटा के बीच हुआ, जिसमें मीनाक्षी ने कजाकिस्तान के खिलाड़ी को हराया वहीं एक अन्य मैच में 54 किलोग्राम भार वर्ग में पोलैंड की विक्टोरिया बीटा ने यूक्रेन की स्ताकीविच इना को हराया। इस प्रतियोगिता में 18 देशों के एक सौ तीस मुक्केबाज 20 श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। इसमें वर्ष के आठ सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज भी शामिल हैं।

——————————

सिद्धार्थ नगर के माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी फंड से बनाये गये 50 बेड वाले विश्राम सदन को लोगों के लिये आज से चालू

कर दिया गया है। विश्राम सदन के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि भाजपा की केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा पिछले एक दशक में चिकित्सा शिक्षा एवं गरीब कल्याण के लिये ऐतिहासिक कार्य किया गया है।

——————————